**<u>प्रेस नोट</u>**

**<u>साइबर थाना जनपद झाँसी</u>**

<u>दिनाँक- **26.08.2026**</u>

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा साइबर सम्बन्धी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही।**
- **साइबर फ्रॉड के प्रकरण से संबंधित ₹50,000/- की धनराशि साइबर थाना पुलिस द्वारा पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि साइबर सम्बन्धी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उ0प्र0, लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम, जनपद झाँसी श्रीमती अरीबा नोमान एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम, झाँसी श्रीमती असमा वकार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु आमजन, बच्चों एवं महिलाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ साइबर ठगी के मामलों में अभियोग पंजीकृत कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में साइबर क्राइम थाना, जनपद झाँसी द्वारा दिनाँक 26.08.2026 को थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत मु0अ0सं0 34/2024 के आवेदक श्री सुरेन्द्र कुमार दुबे पुत्र श्री केदार दुबे, निवासी खातीबाबा, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी के साथ हुए साइबर अपराध में ठगी गई धनराशि में से **₹50,000/- (पचास हजार रुपये)** की धनराशि प्रभावी कार्यवाही करते हुए वापस करायी गयी।

उक्त धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक **श्री सुरेन्द्र कुमार दुबे** द्वारा झाँसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र प्रदान किया गया।

**<u>बरामद धनराशिः-</u>**

₹50,000/- (पचास हजार रुपये)

**<u>बरामदगी कराने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1. प्र0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह यादव – प्रभारी साइबर थाना, जनपद झाँसी
2. निरीक्षक श्री प्रवीन कुमार
3. उ0नि0 श्री संदीप तोमर – साइबर क्राइम थाना, जनपद झाँसी